कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ.वि.शि.प. / डी.एल.एड.–2021–22 / विज्ञप्ति / 218-221 / 2023–24, दिनांक 25 जुलाई 2023।

:: द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा 2021–22परीक्षाफल सम्बन्धी सूचना::

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0 प्र0प0 2021–22 / विज्ञप्ति 01 / 465–468 / 2022–23, दिनांक 27 फरवरी 2023 एवं पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0 प्र0प0 / विज्ञप्ति 02 / 488–492 / 2022–23, दिनांक 28 मार्च 2023 के क्रम में परिषद् द्वारा दिनांक 20 मई 2023 को आयोजित द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमैन्टरी एजूकेशन (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा 2021–22 का परिणाम (योग्यता / चयन सूची) अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन–पत्र / परीक्षा उत्तर–पत्रक में अंकित की गई सूचनाओं के आधार पर तैयार कर घोषित किया जा रहा है। **योग्यता / चयन सूची नितांत औपबंधिक है।**

जिन अभ्यर्थियों के नाम इन योग्यता / चयन सूची में अंकित हैं वे यह सुनिश्चित कर लें कि वे इस परीक्षा हेतु जारी शासनादेश एवं सूचना विवरणिका में अंकित समस्त अर्हताएं पूर्ण करते हों। किसी अभ्यर्थी के द्वारा ऑनलाइन आवेदन–पत्र / उत्तर–पत्रक में **त्रुटिपूर्ण / गलत तथ्य / यों को अंकित करने के कारण उसका नाम योग्यता / चयन सूची में आने की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी का परीक्षाफल निरस्त कर उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी और इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं होगी।** प्रवेश हेतु राज्य स्तर पर एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा काउॅसिंलिंग का आयोजन किया जाएगा। काउॅसिंलिंग के समय मूल अभिलेखों से अभ्यर्थी द्वारा ऑन–लाइन आवेदन–पत्र में अंकित की गई सूचनाओं का मिलान कर जनपद आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा काउॅसिंलिंग हेतु तिथियों का निर्धारण कर इसकी सूचना यथा समय चयनित अभ्यर्थियों को दी जाएगी।

चयनित अभ्यर्थियों की सूची एवं विस्तृत दिशा–निर्देश उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM** के कार्नर पर उपलब्ध है। परिषद की वेबसाइट **www.ukdeled.com** पर जाकर अभ्यर्थी दिए गए निर्देशानुसार अपने प्राप्तांकों की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

भवदीय

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर नैनीताल।